**Annexure - V**

उत्तरांचल शासन
सूचना विभाग
संख्या 152/ XXII/2005
दिनांक 14 जुलाई 2005
सचिवालय : देहरादून

समस्त प्रमुख सचिव/ सचिव
उत्तरांचल शासन।

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के विभिन्न कार्यों को समयबद्ध आधार पर सुनिश्चत किये जाने विषयक समय सारिणी जो आपको पूर्व में प्रेषित की गई थी, का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें. आशा है कि इस विषय पर आपके द्वारा अधिनियम की व्यवस्थाओं के अनुरूप समयबद्ध कार्यवाही की जा रही होगी। इस क्रम में तात्कालिक प्रकटन के अंतर्गत तैयार किये जाने वाले 16 मैनुअल को तैयार करने हेतु Tata Consultancy Services से सहयोग लिये जाने का निर्णय लिया गया है एवं उनसे यह अनुरोध किया गया है कि आगामी दो दिन में इन 16 मैनुअल तैयर करने हेतु Templates तैयार कर लें, जिसे इन मैनुअल्स को तैयार करने हेतु एक Standardized प्रारूप उपलब्ध हो जायेगा तथा विभिन्न विभागों को इन मैनुअल्स को इस प्रारूप के अनुरूप तैयार करने में सुगमता हो सकेगी। Tata Consultancy Services के निम्न प्रतिनिधि आपसे इस विषय में विचार विमर्श/सूचना प्राप्त करने हेतु शीघ्र ही (दिनांक 14–15 जुलाई 2005 को सम्पर्क करेंगे :

1. Shri Ravi S. Verma, Project Leader, Uttaranchal Portal,
   Tata Consultancy Services, Mo. 9837680178

2. Shri Pravin Kumar Sharma, Assistant System Engineer
   Tata Consultancy Services, Mo. 9719113483

इनके द्वारा सम्पर्क करने पर कृपया इन्हें समस्त सूचनायें व सहयोग तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिनसे उनके द्वारा आगामी दो दिन में इन Templates को पूर्ण कराया जा सके। यदि TCS के प्रतिनिधि की आपसे भेंट न हो सके तो आप अथवा आपके अपर सचिव उनसे सम्पर्क कर लें। इस कार्य में आपका व्यक्तिगत सहयोग अपेक्षित होगा।

(डा0 आर0एस0 टोलिया)